# सादृश्यता परीक्षण
# (Analogy Test)

❑ शब्द-आधारित प्रश्नों के अन्तर्गत ऐसे प्रश्नों को रखा जा सकता है जिन्हें शब्दों या अक्षरों द्वारा निर्मित किया गया हो। लगभग सभी वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षाओं में तर्कशक्ति परीक्षण के खंड में कम से कम 5 प्रश्न शब्द या अक्षरों पर आधारित होते हैं। ये प्रश्न तर्कशक्ति के तीन परम्परागत प्रकारों अर्थात-सादृश्यता (Analogy), विजातीय छाँटें (Odd man out) एवं श्रेणी (Series) पर आधारित होते हैं।

अब हम उपर्युक्त तीनों प्रकारों के आधार पर पूछे जाने वाले शब्द-आधारित प्रश्नों की चर्चा करेंगे।

## सादृश्यता परीक्षण
## (Analogy Test)

इन प्रश्नों में दो या अधिक वस्तुओं के परस्पर सम्बन्ध पर विचार किया जाता है। परस्पर सम्बन्ध पर आधारित ये प्रश्न निम्नलिखित प्रकार से पूछे जाते हैं-

❑ **शब्द-संबंध आधारित**

**प्रथम प्रकार**–प्रथम प्रकार के प्रश्न में दो शब्द दिये जाते हैं, जिनमें कोई सम्बन्ध होता है। प्रश्न में एक तीसरा शब्द भी दिया रहता है, जिसके लिए ऐसा चौथा शब्द ज्ञात करना होता है, जो तीसरे शब्द के साथ वही सम्बान्ध रखता हो जो प्रथम दो शब्दों में हो।

जैसे–प्रकाश का अंधकार के साथ वही सम्बन्ध है जो विद्वान के साथ?

(a) चालाक (b) होनहार
(c) मूर्ख (d) वाचाल

**उत्तर-(c)** उपर्युक्त उदाहरण में प्रकाश का अंधकार के साथ विपरीत सम्बन्ध है, अतः विद्वान के विपरीत अर्थ वाला शब्द ही उपयुक्त विकल्प होगा। स्पष्ट है कि विद्वान का विपरीतार्थक सही उत्तर होगा।

**द्वितीय प्रकार**–इस प्रकार के प्रश्न में समानुपातिक विकल्प ज्ञात करना होता है।

जैसे–झुटपुटा : रात : : ? : ?

(a) शाम : दोपहर (b) दिन : प्रकाश
(c) चाकू : लिखना (d) शिशु : बालक

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार झुटपुटा, रात के पूर्व की अवस्था है, उसी प्रकार शिशु, बालक के पूर्व की अवस्था है।

**तृतीय प्रकार**–कुछ प्रश्नों में दो सम्बन्धों के चार तत्वों में से दो लुप्त तत्व रहते हैं। विकल्पों में से इन्हीं लुप्त तत्वों को ज्ञात करना होता है; जैसे–

? : निष्ठाहीनता : : ? : अवज्ञा

(a) विश्वासघाती : विद्रोही (b) विश्वासपात्र : विद्रोही
(c) प्रबन्धक : प्रशासन (d) विश्वसनीयता : विश्वासी

**उत्तर-(a)** उपर्युक्त प्रश्न हेतु ऐसे शब्दों का चयन करने की आवश्यकता है, जिन्हें दोनों ही प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर एक समान सम्बन्ध स्थापित हो जाए। इस दृष्टि से उपर्युक्त प्रश्न हेतु विकल्पों में दिए गए शब्द 'विश्वासघाती' एवं 'विद्रोही' उपयुक्त होंगे, क्योंकि जिस प्रकार विश्वासघाती निष्ठाहीनता का कार्य करता है उसी प्रकार विद्रोही अवज्ञा करता है।

## शब्द-आधारित प्रश्नों को कैसे हल करें?

तर्कशक्ति परीक्षण के प्रश्न-पत्र में शब्द-आधारित प्रश्नों द्वारा परीक्षार्थी के शब्द शक्ति-ज्ञान तथा विचार-शक्ति का परीक्षण किया जाता है। इसके लिए परीक्षार्थी का भाषा-ज्ञान समृद्ध होना आवश्यक है। शब्द-आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए सर्वप्रथम प्रश्न में दिए गए सम्बन्धों को समझें तत्पश्चात इसी सम्बन्ध के आधार पर विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

❑ **सम्बन्धों के प्रकार**

जैसा कि ऊपर वर्णित है सादृश्यता पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिये दिए गए शब्दों के परस्पर सम्बन्धों का ज्ञान आवश्यक है। यहाँ हम ऐसे ही कुछ सम्बन्धों की चर्चा कर रहे हैं जिनके आधार पर प्रायः परीक्षा में प्रश्न पूछे जाते हैं।

❑ **उद्देश्य सम्बन्ध**

भोजन : स्वास्थ्य : : सिनेमा : ?

(a) भोजन (b) मनोरंजन
(c) फिल्म (d) हर्ष

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार भोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य निर्माण है, उसी प्रकार सिनेमा का उद्देश्य मनोरंजन प्रदान करना है।

❑ **समानार्थी सम्बन्ध**

विशाल : विराट : : ? : ?

(a) प्रकाश : अंधकार (b) धुंधला : काला
(c) विशाल : छोटा (d) प्रकाश : रोशनी

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार विशाल एवं विराट दोनों समान अर्थ (बड़ा) रखने वाले हैं, उसी प्रकार प्रकाश एवं रोशनी भी समानार्थी हैं।

❑ **विपरीतार्थक सम्बन्ध**

प्रकाश : अंधकार : : सुख : ?

(a) दुःख (b) खुशी

(c) हर्ष (d) ग्लानि

**उत्तर-(a)** जिस प्रकार अंधकार, प्रकाश का विपरीतार्थक है, उसी प्रकार दुःख, सुख का विपरीतार्थक है।

❑ **क्रम सम्बन्ध**

सुबह : दोपहर : : शाम : ?

(a) अंधेरा (b) प्रकाश

(c) धुंधलका (d) रात

**उत्तर-(d)** जिस प्रकार सुबह के बाद दोपहर होती है, उसी प्रकार शाम के बाद रात आती है।

❑ **कार्य एवं परिभाषा सम्बन्ध**

नींद : थकावट : : ? : ?

(a) भोजन : भूख (b) दौड़ : हाँफना

(c) स्वास्थ्य : परिश्रम (d) गिरना : पड़ना

**उत्तर-(a)** जिस प्रकार नींद लेने से थकावट दूर होती है, उसी प्रकार भोजन करने से भूख दूर होती है।

❑ **वस्तु-क्रिया सम्बन्ध**

चाकू : काटना : : पेन : ?

(a) स्याही (b) लेख

(c) लिखना (d) पत्रकारिता

**उत्तर-(c)** जिस प्रकार चाकू काटने का कार्य करता है, उसी प्रकार पेन लिखने का कार्य करता है।

❑ **वर्ग-जाति सम्बन्ध**

कुत्ता : जानवर : : मेज : ?

(a) लकड़ी (b) फर्नीचर

(c) कुर्सी (d) बढ़ई

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार कुत्ता, जानवर वर्ग में आता है, उसी प्रकार मेज, फर्नीचर वर्ग के अंतर्गत आती है।

❑ **स्तर सम्बन्ध**

लड़की : महिला : ? : ?

(a) यौवन : वृद्धावस्था (b) बालक : बच्चा

(c) क्लर्क : अधिकारी (d) जलवायु : मौसम

**उत्तर-(a)** जिस प्रकार लड़की के बाद की अवस्था महिला है, उसी प्रकार यौवन के बाद की अवस्था वृद्धावस्था है।

❑ **स्थल सम्बन्ध**

लाल किला : दिल्ली : : ? : ?

(a) भारत : पाकिस्तान (b) एफिल टावर : पेरिस

(c) लंदन : फ्रांस (d) वाशिंगटन : मॉस्को

**उत्तर-(b)** जिस प्रकार लाल किला दिल्ली में स्थित है, उसी प्रकार एफिल टावर पेरिस में स्थित है।

# परीक्षोपयोगी प्रश्न

**निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों में चिह्न (: :) के बाईं ओर दो शब्द दिए गए हैं, जो कि आपस में किसी प्रकार संबंधित हैं। ठीक उसी प्रकार का संबंध चिह्न (: :) के दाईं ओर दिए गए शब्द तथा उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है। सही विकल्प चुनिए।**

**1. लोहा : धातु : : ऑक्सीजन : ?**

(a) श्वसन (b) गैस

(c) बिना गंध (d) जीवित

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार लोहा एक धातु है, उसी प्रकार ऑक्सीजन एक गैस है।


**2. उत्तर : दक्षिण : : दक्षिण-पूर्व : ?**

(a) उत्तर-पश्चिम (b) पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व (d) पूर्व

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार उत्तर (North) तथा दक्षिण (South) एक-दूसरे की विपरीत दिशाएं हैं, उसी प्रकार दक्षिण-पूर्व (South - East) तथा उत्तर-पश्चिम (North-West) एक-दूसरे की विपरीत दिशाएं हैं।




**3. कारखाना : उत्पादन : : अस्पताल : ?**

(a) चिकित्सक (b) नर्स

(c) उपचार (d) इमारत

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार कारखाना में वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है, उसी प्रकार अस्पताल में रोगियों का उपचार किया जाता है।

**4. जीवित : मृत :: प्रश्न : ?**

(a) विकल्प (b) उत्तर

(c) सही (d) पूछना

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार जीवित का विलोम मृत है। उसी प्रकार प्रश्न का विलोम उत्तर होता है।

**5. बर्फ : ठंडा : : भाप : ?**

(a) गैस (b) गर्म

(c) पानी (d) इंजन

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार बर्फ का गुण ठंडा होना है। उसी प्रकार भाप गर्म होने के गुण को प्रदर्शित करती है।

**6. कपास : सफेद : : कोयला : ?**

(a) आग (b) खदान

(c) लकड़ी (d) काला

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार कपास का रंग सफेद होता है, उसी प्रकार कोयले का रंग काला होता है।

**7. पिता : माता-पिता : : बहन : ?**

(a) अन्य (b) भाई

(c) बेटी (d) सहोदर

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार पिता का संबंध माता-पिता (Parents) से है, उसी प्रकार सहोदर (Sibling) का बहन से है।

**8. पेंच : पेंचकस : : कील : ?**

(a) कील कस (b) पॉलिश

(c) स्टील (d) हथौड़ा

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार पेंचकस द्वारा पेंच लगाया जाता है, ठीक उसी प्रकार कील को ठोकने के लिए हथौड़े का प्रयोग किया जाता है।

**9. रात : सितारे : : दिन : ?**

(a) सूर्य (b) नीला

(c) काम (d) ग्रह

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार सितारे रात में दिखाई देते हैं, उसी प्रकार सूर्य दिन में दिखता है।

**10. स्प्रिंग : स्पाइरल :: चूड़ी : ?**

(a) कांच (b) चक्र

(c) आभूषण (d) सोना

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार स्प्रिंग का आकार स्पाइरल (सर्पिलाकार) होता है, उसी प्रकार चूड़ी का आकार चक्र या गेलाकार (Cirde) होता है।

**11. विमान : पायलट : : जहाज : ?**

(a) कप्तान (b) फौजी

(c) नौसेना (d) मेजर

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार विमान (Plane) का चालक पायलट कहलाता है, उसी प्रकार जहाज (Ship) का चालक कप्तान कहलाता है।

**12. स्कूल : शिक्षक : : न्यायालय : ?**

(a) वकील (b) खेल

(c) टेनिस (d) न्याय

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार शिक्षक का संबंध स्कूल से है, उसी प्रकार वकील का संबंध न्यायालय से होगा।

**13. घेंघा : आयोडीन : : एनीमिया : ?**

(a) विटामिन डी (b) लौह

(c) विटामिन ई (d) कैल्शियम

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार आयोडीन की कमी से घेंघा रोग होता है, उसी प्रकार लौह (Iron) तत्वों की कमी से एनीमिया (Anemia) रोग होता है।

**14. मेंढक : उभयचर : : छिपकली : ?**

(a) कृंतक (b) स्तनपायी

(c) सरीसृप (d) कीट

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार मेंढक उभयचर प्राणियों के समूह में आता है, उसी प्रकार छिपकली सरीसृप प्राणियों के वर्ग में आती है।

**15. पीला : नींबू : : बैंगनी : ?**

(a) सेम (b) बैंगन

(c) आम (d) प्याज

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार नींबू का रंग पीला होता है, उसी प्रकार बैंगन का रंग बैंगनी (Purple) होता है।

**16. भौंकना : कुत्ता : : ? : चिड़िया**

(a) घुरघुराना (b) फुनफुनाना

(c) चिल्लाना (d) चूं-चूं करना

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार कुत्ता भौंकता (Bark) है, उसी प्रकार चिड़िया चूं-चूं (चहचहाती - Chirp) करती है।

**17. न्यायालय : न्याय : : महाविद्यालय : ?**

(a) शिक्षा (b) परिषद

(c) गायकदल (d) परिणाम

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार न्यायालय में न्याय दिया जाता है, उसी प्रकार महाविद्यालय में शिक्षा दी जाती है।

**18. मुर्गी : पिंजड़ा : : खरगोश : ?**

(a) गुफा (b) छप्पर

(c) जाला (d) मांद

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार मुर्गी के रहने का स्थान पिंजड़ा या दरबा (Coops) है, उसी प्रकार खरगोश के रहने का स्थान मांद या बिल (Burrows) होता है।

**19. वर्षा : बादल : : ऊष्मा : ?**

(a) दूरी (b) सूर्य

(c) रात्रि (d) दिन

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार बादल से वर्षा प्राप्त होती है, उसी प्रकार सूर्य से ऊष्मा प्राप्त होती है।

**20. बगीचा : पौधे : : पुस्तक : ?**

(a) अक्षर (b) पृष्ठ

(c) लिखना (d) सफेद

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार अनेक पौधों से बगीचे का निर्माण होता है, ठीक उसी प्रकार अनेक पृष्ठों से पुस्तक का निर्माण होता है।

**21. चिकित्सक : रोगी : : शिक्षक : ?**

(a) पढ़ाना (b) विद्यार्थी

(c) विद्यालय (d) पुराना

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार रोगी इलाज के लिए चिकित्सक के पास जाता है, उसी प्रकार विद्यार्थी शिक्षा के लिए शिक्षक के पास जाता है।

**22. लाभ : हानि : : दुख : ?**

(a) क्रोध (b) खुशी

(c) निरुत्साहित (d) अप्रसन्न

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार लाभ का विलोम हानि होता है, उसी प्रकार दुःख का विलोम खुशी (Happiness) होगा।

**23. दूध : लीटर : : आम : ?**

(a) पीला (b) किलोग्राम

(c) गर्मी (d) सेंटीमीटर

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार दूध की मात्रा का मापन लीटर में किया जाता है, उसी प्रकार आम की मात्रा का मापन किलोग्राम में किया जाता है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

**24. बंद : खुला : : ऊपर जाना : ?**

(a) तल (b) हिलना

(c) नीचे आना (d) चलना

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार 'बंद' शब्द का विलोम 'खुला' होता है, उसी प्रकार 'ऊपर जाना' शब्द का विलोम 'नीचे आना' होगा। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**25. मृदा : पृथ्वी : : बादल : ?**

(a) आकाश (b) वर्षा

(c) काला (d) गरजना

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार मृदा पृथ्वी से संबंधित है, उसी प्रकार बादल आकाश से संबंधित है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।